राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–90/2024

बिहार कृषि विश्वविद्यालय एवं सी–डैक के द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

पटना, 22 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की उपस्थिति में राजभवन में पूरे बिहार में किसानोपयोगी सेवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के संबंध में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर एवं सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कम्प्यूटिंग (C-DAC) के द्वारा MoU (Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर किये गये। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ० डी०आर० सिंह एवं सी–डैक, पटना व कोलकाता के निदेशक श्री आदित्य कुमार सिन्हा ने MoU पर हस्ताक्षर किये। इसके तहत सटीक कृषि, मौसम पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य का पर्यवेक्षण, प्रबंधन एवं परामर्श, कीटनाशकों का छिड़काव एवं फसलों का पर्यवेक्षण के लिए ड्रोन का प्रयोग तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स व सेंसर टेक्नोलॉजी का कृषि क्षेत्र में उपयोग हेतु नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जा सकेगा।

राज्यपाल ने कहा कि इस MoU के फलस्वरूप कृषि के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों एवं समस्याओं से निपटने में सहूलियत होगी।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू तथा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर एवं सी–डैक के अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

....